इस पुस्तिका में 40 पृष्ठ हैं।
This Booklet contains 40 pages.

CLASSIXAHD

परीक्षा पुस्तिका कोड
Test Booklet Code

Z

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए।
Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.

इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.

110548

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अंदर है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाए, तो उत्तर पत्रक निकाल लें और उत्तर पत्रक की प्रतिलिपि पर विवरण केवल नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन से सावधानीपूर्वक भरें।
2. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है एवं परीक्षा प्रतिलिपि पुस्तिका में गणित (30), विज्ञान (20), सामाजिक विज्ञान (25), सामान्य जागरूकता / ज्ञान (25) से 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर के रूप में एक विकल्प का चयन करें) हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यार्थी को 4 अंक दिए जाएंगे। अधिकतम अंक 400 हैं।
4. इस पृष्ठ पर विवरण लिखने/उत्तर पत्रक पर उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें।
5. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस उद्देश्य के लिए दिए गए स्थान पर करें।

Important Instructions:

1. The Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on the Answer Sheet carefully with blue/black ball point pen only.
2. The test is of **3 hours** duration and the Test Booklet contains 100 multiple-choice questions (four options with one option as the most appropriate answer) from **Mathematics (30), Science (20), Social Science (25), General Awareness/Knowledge (25).**
3. Each question carries 4 marks. For each correct response, the candidate will get 4 marks. The maximum marks are 400.
4. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/marking responses on Answer Sheet.
5. Rough work is to be done in the space provided for this purpose in the Test Booklet only.

किसी भी प्रश्न के अनुवाद में किसी भी अस्पष्टता के मामले में, अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।
In case of any ambiguity in translation of any question, English version shall be treated as final.

अभ्यार्थी का नाम (केपिटल में):
Name of the Candidate (in Capitals): YOGESH KUMAR

अनुक्रमांक : अंकों में
Roll Number : in figures 33022024
: शब्दों में
: in words THREE THREE JIRO TWO TWO JIRO TWO FOU

परीक्षा केंद्र (केपिटल में):
Centre of Examination (in Capitals): NAVALS NATIONAL ACADEMY

अभ्यार्थी के हस्ताक्षर:
Candidate's Signature: Yogesh kumar

निरीक्षक के हस्ताक्षर:
Invigilator's Signature:

केंद्र अधीक्षक का फेसिमाइल हस्ताक्षर स्टैम्प:
Facsimile signature stamp of Centre Superintendent:

E1

Instructions Continued On Page No. 40

P.T.O.

1 The number of natural numbers lying between 10^2 and 11^2 are :

10^2 और 11^2 के बीच कितनी प्राकृत संख्याएं हैं ?

(1) 21 (2) 22

(3) 20 (4) 19

2 If cost price of five pens is equal to selling price of four pens, then the gain or loss percent is

(1) 20% gain (2) 20% loss

(3) 25% loss (4) 25% gain

यदि 5 पेनों का क्रय मूल्य, चार पेनों के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ या हानि प्रतिशत क्या होगा ?

(1) 20% लाभ (2) 20% हानि

(3) 25% हानि (4) 25% लाभ

3 Given below are two statements :

Statement I : Two quantities x and y are said to be in direct variation if x and y increase or decrease together in such a way that xy remains constant ie $xy = k$.

Statement II : If 12 women can weave 15 meters of cloth in a day then 20 women can weave 25 meters of cloth in 1 day.

In the light of the above statements, choose the **correct** answer from the options given below

(1) Both Statement I and Statement II are true.

(2) Both Statement I and Statement II are false.

(3) Statement I is true but Statement II is false.

(4) Statement I is false but Statement II is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं -

कथन I : दो राशियों x और y को समानुपात में कही जाती है यदि x और y साथ साथ इस प्रकार बढ़ती या घटती है कि दोनों का गुणनफल अचर रहे अर्थात् $xy = k$.

कथन II : यदि 12 औरतें 15 मीटर कपड़ा 1 दिन में बुनती है तो 20 औरतें 25 मीटर कपड़ा 1 दिन में बुन सकती है।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) कथन I और कथन II दोनों सत्य है।

(2) कथन I और कथन II दोनों असत्य है।

(3) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

(4) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।

4 In a building there are 15 cylindrical pillars. The radius of each pillar is 42 cm and height is 5 m. Find the total cost of painting the curved surface area of all pillars at the rate of ₹ 10 per m^2.

एक भवन में 15 बेलनाकार खंभे हैं। प्रत्येक खंभे की त्रिज्या 42 cm और ऊँचाई 5 m है। ₹ 10 per m^2 की दर से सभी खंभों के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल पर पेंट कराने का व्यय ज्ञात कीजिए।

(1) ₹ 1960 (2) ₹ 1098

(3) ₹ 1880 (4) ₹ 1980

5 Which rational number should be added in $-\frac{1}{3}$ to get $-\frac{5}{6}$?

$-\frac{1}{3}$ में कौन सी परिमेय संख्या जोड़ी जाए कि $-\frac{5}{6}$ प्राप्त हो ?

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $-\frac{7}{6}$

(3) -1 (4) $-\frac{1}{2}$

6 Ramlal wants to buy a trapezium shaped field. It's one parallel side is twice the other parallel side. If the area of this field is 54000 m^2 and the perpendicular distance between the two parallel sides is 60 m, find the length of the two parallel sides of the field?

रामलाल एक समलंब चतुर्भुज के आकार का खेत खरीदना चाहता है। इस खेत की एक समांतर भुजा दूसरी समांतर भुजा की दुगुनी है। यदि इस खेत का क्षेत्रफल 54000 m^2 है और दो समांतर भुजाओं के बीच की लम्बवत् दूरी 60 m है, तो दोनों समांतर भुजाओं की लम्बाई क्या होगी ?

(1) 1800 m, 3600 m (2) 900 m, 1800 m

(3) 700 m, 1400 m (4) 600 m, 1200 m

7 A 4 m 50 cm high vertical tree casts a shadow 2 m and 80 cm long. Find at the same time the length of the shadow cast by another tall tree 13 m 50 cm high.

एक 4 m 50 cm ऊँचे पेड़ की छाया 2 m 80 cm लम्बी है। समान स्थितियों में 13 m 50 cm ऊँचे पेड़ की छाया की लम्बाई क्या होगी ?

(1) 920 cm (2) 840 cm

(3) 740 cm (4) 680 cm

8 If $(2^x)^2 \times 32 = 128$, then the value of x is :

यदि $(2^x)^2 \times 32 = 128$, तो x का मान क्या होगा ?

(1) 0

(2) 1

(3) 2

(4) 3

9 A factory requires 15 machines to produce a given number of articles in 48 days. How many more machines are required if the same work is to be completed in 30 days?

एक फैक्ट्री को कुछ वस्तुएँ 48 दिन में बनाने के लिए 15 मशीनों की आवश्यकता होती है। उतनी ही वस्तुएँ 30 दिन में बनाने के लिए कितनी और अधिक मशीनों की आवश्यकता होगी ?

(1) 24

(2) 9

(3) 8

(4) 12

10 Given below are two statements :

Statement I : 125 is a perfect cube.

Statement II : The one's digit of the cube root of 1728 is 2.

In light of the above statements choose the **correct** option from the following :

(1) Both Statement I and Statement II are true.

(2) Both Statement I and Statement II are false.

(3) Statement I is true but Statement II is false.

(4) Statement I is false but Statement II is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं –

कथन I : 125 एक पूर्ण घन संख्या है।

कथन II : 1728 के घनमूल में इकाई का अंक 2 है।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) दोनों कथन I और कथन II सत्य हैं।

(2) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।

(3) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

(4) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।

11 The reciprocal of $-\frac{4}{7} + \frac{11}{14}$ is :

$-\frac{4}{7} + \frac{11}{14}$ का व्युत्क्रम है :

(1) $-\frac{8}{11}$

(2) $-\frac{11}{8}$

(3) $\frac{8}{11}$

(4) $\frac{11}{8}$

12 Match List I with List II :

List I Central angle of Pie-chart	List II Fraction of circle
A. 150°	$\frac{1}{4}$
B. 45°	$\frac{5}{12}$
C. 75°	$\frac{1}{8}$
D. 90°	$\frac{5}{24}$

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A-II, B-III, C-IV, D-I

(2) A-I, B-II, C-III, D-IV

(3) A-III, B-I, C-IV, D-II

(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए

सूची I पाई–चार्ट का केंद्रीय कोण	सूची II वृत्त का भाग
A. 150°	$\frac{1}{4}$
B. 45°	$\frac{5}{12}$
C. 75°	$\frac{1}{8}$
D. 90°	$\frac{5}{24}$

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A-II, B-III, C-IV, D-I

(2) A-I, B-II, C-III, D-IV

(3) A-III, B-I, C-IV, D-II

(4) A-III, B-IV, C-I, D-II

13 The present age of Anil's mother is four times the present age of Anil. After three years their ages will add to 66 years. The present ages of Anil and his mother are :


(1) 8 years, 32 years
(2) 12 years, 48 years
(3) 10 years, 40 years
(4) 6 years, 24 years

अनिल की माँ की वर्तमान आयु अनिल की वर्तमान आयु की चार गुना है। 3 वर्ष बाद उन दोनों की आयु का योग 66 वर्ष होगा। अनिल और उसकी माँ की वर्तमान आयु है :

(1) 8 वर्ष, 32 वर्ष
(2) 12 वर्ष, 48 वर्ष
(3) 10 वर्ष, 40 वर्ष
(4) 6 वर्ष, 24 वर्ष

14 Respective values of unknown angles a, b, c in the following parallelogram are :

दिए गए समांतर चतुर्भुज में अज्ञात कोण a, b, c का क्रमशः मान है :



(1) 120°, 60°, 60°
(2) 60°, 120°, 60°
(3) 120°, 120°, 120°
(4) 120°, 60°, 120°

15 A car was bought for ₹ 6,00,000. Its value is depriciated at 10% p.a. Its value after 2 years will be :

एक कार को ₹ 6,00,000 में खरीदा गया। यदि इसके मूल्य में प्रति वर्ष 10% वार्षिक दर से कमी हो, तो कार का 2 वर्ष बाद का मूल्य होगा :

(1) ₹ 5,50,000
(2) ₹ 4,80,000
(3) ₹ 4,86,000
(4) ₹ 5,20,000

16 Find the value of A ?

निम्न में A का मान क्या होगा ?

$$\begin{array}{r} 5\ 1\ A \\ +\ 1\ A\ 5 \\ \hline 7\ 0\ 3 \end{array}$$

(1) 7
(2) 6
(3) 8
(4) 3


17 The length of a rectangle is 14 cm more than its width. The perimeter of this rectangle is 188 cm. Find the length and breadth of the rectangle.

एक आयत की लम्बाई, चौड़ाई से 14 cm अधिक है। यदि आयत का परिमाप 188 cm हो, तो आयत की लम्बाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

(1) 94 cm, 80 cm
(2) 27 cm, 13 cm
(3) 54 cm, 40 cm
(4) 68 cm, 54 cm

18 The number of faces in the following 3-dimensional figure is :

दी गई त्रिविमेय आकृति में फलकों की संख्या है :



(1) 12
(2) 6
(3) 8
(4) 10

19 A dice is thrown at random. The probability of getting a prime number is :

एक पासे को यादृच्छिक रूप से फेंकने पर अभाज्य संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता है :

(1) $\frac{1}{2}$
(2) $\frac{2}{3}$
(3) $\frac{1}{6}$
(4) $\frac{4}{3}$

20 $63a^4b^3c^6 + 7a^2b^2c^3$ is :

$63a^4b^3c^6 + 7a^2b^2c^3$ का मान है :

(1) $9a^2bc^2$ (2) $9a^2b^2c^2$

(3) $9a^2bc^3$ (4) $9a^2b^2c^3$

21 Given below are two statements : One is labelled as **Assertion A** and the other is labelled as **Reason R** :

Assertion A : $\frac{2}{3}-\left[-\frac{4}{5}-\frac{1}{2}\right] \neq \left[\frac{2}{3}-\left(-\frac{4}{5}\right)\right]-\frac{1}{2}$

Reason R : Subtraction is not associative.

In the light of above statements, choose the **correct** answer from the options given below :

(1) Both **A** and **R** are true and **R** is the correct explanation of **A**.

(2) Both **A** and **R** are true but **R** is NOT the correct explanation of **A**.

(3) **A** is true but **R** is false.

(4) **A** is false but **R** is true.

नीचे दो कथन दिए गए है, एक अभिकथन **A** के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण **R** के रूप में :

अभिकथन A : $\frac{2}{3}-\left[-\frac{4}{5}-\frac{1}{2}\right] \neq \left[\frac{2}{3}-\left(-\frac{4}{5}\right)\right]-\frac{1}{2}$

कारण R : व्यवकलन में साहचर्य नहीं है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

(1) **A** और **R** दोनों सत्य है और **R**, **A** की सही व्याख्या है।


(2) **A** और **R** दोनों सत्य है लेकिन **R**, **A** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **A** सत्य है लेकिन **R** असत्य है।

(4) **A** असत्य है लेकिन **R** सत्य है।

22 In the given figure which letter represents the location (3, 2)?

आकृति देखकर बिन्दु (3, 2) के लिए उपयुक्त द्योतक अक्षर चुनिए।



(1) A (2) B

(3) C (4) D

23 The difference between upper limit and lower limit of a class interval is called :

(1) Range (2) Class size

(3) Class mark (4) Frequency

वर्ग अंतराल में ऊपरी वर्ग सीमा और निम्न वर्ग सीमा का अंतर क्या कहलाता है ?

(1) परिसर (2) वर्ग अंतराल का माप

(3) वर्ग चिह्न (4) बारंबारता

24 The value of $\frac{\sqrt{256}+\sqrt{2.56}}{\sqrt{0.64}\times\sqrt{100}}$ is :

$\frac{\sqrt{256}+\sqrt{2.56}}{\sqrt{0.64}\times\sqrt{100}}$ का मान है :

(1) 22 (2) 20

(3) 2.2 (4) .22

25 Choose the true statements from the following :

A. Diagonals of a square are equal.

B. Diagonals of a rectangle are perpendicular.

C. Diagonals of a rhombus are perpendicular.

D. Diagonals of a parallelogram bisect each other.

E. Diagonals of a rhombus are equal.

Choose the correct answer from the options given below:

(1) A, B, D only (2) A, C, D only

(3) B, C, E only (4) C, E, D only

निम्न कथनों में से सत्य कथन छाँटिए :

A. वर्ग के विकर्ण बराबर होते है।

B. आयत के विकर्ण परस्पर लम्ब होते है।

C. समचतुर्भुज के विकर्ण परस्पर लम्ब होते है।

D. समांतर चतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को समद्विभाजित करते है।

E. समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर होते है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) केवल A, B, D (2) केवल A, C, D

(3) केवल B, C, E (4) केवल C, E, D

26 Which of the following is not a Pythagorean triplet?

निम्न में से कौनसा समूह पाइथागोरस त्रिक नहीं है ?

(1) 12, 35, 37 (2) 5, 12, 13

(3) 12, 16, 20 (4) 10, 12, 15

27 The radius of a cylinder is 'r' units and its height is 'h' units. If its radius is doubled and height is halved the volume of new cylinder will become :

(1) 4 times (2) remain same

(3) 2 times (4) 3 times

किसी बेलन की त्रिज्या 'r' इकाई और ऊँचाई 'h' इकाई है। यदि इसकी त्रिज्या को दुगुना और ऊँचाई को आधा कर दिया जाए तो नए बेलन का आयतन होगा :

(1) 4 गुना (2) बराबर रहेगा

(3) 2 गुना (4) 3 गुना

28 The area of rectangle with length and breadth $(5x - 4)$ and $(x + 2)$ respectively is :

आयत का क्षेत्रफल, जिसकी लम्बाई और चौड़ाई क्रमशः $(5x - 4)$ और $(x + 2)$ है, क्या होगा ?

(1) $5x^2 + 6x + 8$ (2) $5x^2 - 6x - 8$

(3) $5x^2 - 6x + 8$ (4) $5x^2 + 6x - 8$

29 Factorisation of $81x^2 - 49$ is :

$81x^2 - 49$ के गुणनखंड है :

(1) $(9x - 7)(9x - 7)$ (2) $(3x - 7)(3x + 7)$

(3) $(9x + 7)(9x - 7)$ (4) $(9x + 7)(9x + 7)$

30 Given below are two statements :

Statement I : All square numbers end with 0, 1, 4, 5, 6 or 9 at unit's place.

Statement II : The number of zeros at the end of a perfect square is always even.

In the light of the above statements, choose the **correct** answer from the options given below :

(1) Both Statement I and Statement II are true.

(2) Both Statement I and Statement II are false.

(3) Statement I is true but Statement II is false.

(4) Statement I is false but Statement II is true.

नीचे दो कथन दिए गए है –

कथन I : सभी वर्ग संख्याओं का अंतिम अंक (इकाई स्थान का अंक) 0, 1, 4, 5, 6 या 9 होता है।

कथन II : पूर्ण वर्ग संख्याओं के अंत में शून्यों की संख्या केवल सम होती है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) कथन I और कथन II दोनों सत्य है।

(2) कथन I और कथन II दोनों असत्य है।

(3) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

(4) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।

31 An ultrasound equipment works at frequency :

(1) Higher than 20,000 Hz

(2) Higher than 10,000 Hz

(3) Lower than 20,000 Hz

(4) Lower than 10,000 Hz

अल्ट्रासाउंड उपकरण _____ आवृत्ति पर कार्य करता है।

(1) 20,000 Hz से अधिक

(2) 10,000 Hz से अधिक

(3) 20,000 Hz से कम

(4) 10,000 Hz से कम

32 Coating of which metal is deposited on iron to protect it from corrosion?

(1) Tin (2) Copper

(3) Barium (4) Zinc

लोहे को संक्षारण से सुरक्षित करने के लिए इस पर कौन सी धातु का निक्षेपण किया जाता है ?

(1) टिन (2) ताँबा

(3) बेरियम (4) जस्ता

33 Seismograph is an instrument used to record :

(1) Strength of wind

(2) Vibrations of Earthquake

(3) Lightening

(4) Temperature

भूकम्पलेखी यंत्र का उपयोग क्या रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है ?

(1) पवन की शक्ति

(2) भूकंप का कंपन

(3) बिजली का कौंधना

(4) तापमान

34 Which of the following does **not** form flame?

(1) Charcoal (2) Kerosene oil

(3) Molten wax and charcoal (4) Charcoal and Kerosene oil

निम्नलिखित में से किसके द्वारा अग्नि की लपट उत्पन्न नहीं होती ?

(1) काठ कोयला (2) मिट्टी का तेल

(3) पिघली हुई मोम तथा काठ कोयला (4) काठ कोयला तथा मिट्टी का तेल

35 Which of the following species is extinct?

(1) The Great Indian Bustard (2) Musk deer

(3) Cheetah (4) Blue whale

निम्नलिखित में से कौन सी प्रजाति लुप्त हो चुकी है ?

(1) द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (2) कस्तूरी हिरण

(3) चीता (4) नीली व्हेल

36 To protect our flora and fauna and their habitats select the protected areas from the following :

A. Wildlife Sanctuary

B. National Park

C. Biosphere Reserve

D. Geographical Reserve

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A and D only (2) B and D only

(3) A, B and C only (4) C and D only

हमारे पादपों, जानवरों तथा उनके आवासों को संरक्षित करने के लिए सुरक्षित स्थान कौन से है ?

A. वन्यप्राणी अभ्यारण्य

B. राष्ट्रीय उद्यान

C. जैवमंडल निचय

D. भौगोलिक निचय

(1) केवल A तथा D (2) केवल B तथा D

(3) केवल A, B तथा C (4) केवल C तथा D

37 Cell was first observed and discovered in cork by :

(1) Robert Hooke
(2) Robert Brown
(3) Schwann
(4) Alexander Fleming

कॉर्क में सर्वप्रथम कोशिका को किसने देखा तथा खोजा ?

(1) रॉबर्ट हुक
(2) रॉबर्ट ब्राउन
(3) श्वैन
(4) एलेक्जैंडर फ्लैमिंग

38 Which among the following is a viviparous animal?

(1) Frog
(2) Lizard
(3) Cow
(4) Butterfly

निम्नलिखित में से कौन सा परायुज प्राणी है ?

(1) मेंढक
(2) छिपकली
(3) गाय
(4) तितली

39 Hormone secreted by testes is :

(1) Thyroxin
(2) Estrogen
(3) Testosterone
(4) Insulin

वृषण द्वारा स्रवित होने वाला हार्मोन है :

(1) थायरॉक्सिन
(2) ईस्ट्रोजन
(3) टैस्टोस्टिरॉन
(4) इंसुलिन

40 **Assertion A :** Iris regulates the amount of the light entering the eye.
Reason R : The image is always formed on the retina of eye.
In the list of the above statement, choose the most appropriate answer from the options given below :

(1) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.
(2) Both A and R are correct and R is not the correct explanation of A.
(3) A is not correct but R is correct.
(4) A is correct but R is not correct.

अभिकथन A : आइरिस द्वारा प्रकाश की मात्रा के आँख में प्रवेश करने का नियमन किया जाता है।
कारण R : चित्र सदा आँख के रेटिना पर बनता है।
ऊपर दिए गए कथनों में, सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन नीचे दिए विकल्पों में से करें :

(1) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है। ✓
(2) A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(3) A सही नहीं है किन्तु R सही है।
(4) A सही है किन्तु R सही नहीं है।

41 Which of the following is not a planet of the sun?

(1) Mercury
(2) Jupiter
(3) Sirius
(4) Earth

निम्नलिखित में से कौन सा सूर्य का ग्रह नहीं है ?

(1) बुध
(2) बृहस्पति
(3) प्रकाशमान तारा
(4) पृथ्वी

42 Identify the green house gases from the following :

(1) Nitrogen and Carbon dioxide
(2) Oxygen and Methane
(3) Methane and Nitrous oxide
(4) Nitrous oxide and Sulphur dioxide

निम्नलिखित में से ग्रीन हाउस गैसों को पहचानें :

(1) नाइट्रोजन तथा कार्बन डाइऑक्साइड
(2) ऑक्सीजन तथा मीथेन
(3) मीथेन तथा नाइट्रस ऑक्साइड
(4) नाइट्रस ऑक्साइड तथा सल्फर डाइऑक्साइड

43 Which is **not** the example of Rabi Crop?

(1) Wheat (2) Gram

(3) Linseed (4) Soyabeen

निम्नलिखित में से कौन सा रबी फसल का उदाहरण नहीं है ?

(1) गेहूँ (2) चना

(3) अलसी (4) सोयाबीन

44 Match List I with List II.

List I		List II	
A.	Loctobacillus	I.	Nitrogen fixation
B.	Rhizobium	II.	AIDS
C.	Yeast	III.	Curd setting
D.	Virus	IV.	Bread making

Choose the correct answer from the options given below.

(1) A-III, B-I, C-II, D-IV (2) A-III, B-I, C-IV, D-II

(3) A-I, B-IV, C-II, D-III (4) A-III, B-II, C-IV, D-I

सूची I का सूची II के साथ मिलान करें।

सूची I		सूची II	
A.	लैक्टोबैसिलस	I.	नाइट्रोजन स्थिरीकरण
B.	राइजोबियम	II.	एड्स (AIDS)
C.	खमीर	III.	दही का जमना
D.	विषाणु	IV.	ब्रैड बनाना

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें।

(1) A-III, B-I, C-II, D-IV (2) A-III, B-I, C-IV, D-II

(3) A-I, B-IV, C-II, D-III (4) A-III, B-II, C-IV, D-I

45 How many pairs of chromosomes are found in the cells of human beings?

मानव कोशिका में गुणसूत्रों के कितने युग्म पाए जाते है ?

(1) 22 (2) 23

(3) 24 (4) 20

46 An example of a non-contact force is :

(1) Force exerted by man to lift a bucket

(2) Pushing a stationary car

(3) Force exerted by magnet

(4) Hitting a cricket ball with bat

असंस्पर्शी बल का उदाहरण _____ है।

(1) बालटी उठाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा लगाया गया बल

(2) किसी रुकी हुई कार को धक्का लगाना

(3) चुम्बक द्वारा लगाया गया बल

(4) बल्ले द्वारा किसी क्रिकेट की गेंद को मारना

47 A boat or an aeroplane has a tapering front because it :

(1) Reduces the friction (2) Increases the friction

(3) Looks good (4) Reduce the gravity

किसी नौका या विमान का अग्र भाग शुंडाकार क्यों होता है ?

(1) घर्षण को कम करता है। (2) घर्षण को बढ़ाता है।

(3) देखने में अच्छा लगता है। (4) गुरुत्व को कम करता है।

48 What is the full form of PET?

(1) Polyethylene tetrachloride
(2) Polyethylene terephthalate
(3) Polybenzene terephthalate
(4) Polybenzene tetrachloride

पैट (PET) का विस्तृत रूप क्या है ?

(1) पॉलीथाइलीन टैट्राक्लोराइड
(2) पॉलीथाइलीन टैरीफ्थेलेट
(3) पॉलीबैंजीन टैरीफ्थेलेट
(4) पॉलीबैंजीन टैट्राक्लोराइड

49 Dull green coating in a copper vessel exposed to moist air for a long time is due to the fomation of :

(1) Copper hydroxide and Copper sulphate
(2) Copper carbonate and Copper sulphate
(3) Copper hydroxide and Copper carbonate
(4) Copper carbonate and Copper nitrate

ताँबे के बर्तनों का लंबे समय तक आर्द्र हवा में खुला रहने पर उन पर जमने वाली हल्के हरे रंग की परत निम्न में से क्या बनने के कारण होती है ?

(1) कॉपर हाइड्रॉक्साइड तथा कॉपर सल्फेट
(2) कॉपर कार्बोनेट तथा कॉपर सल्फेट
(3) कॉपर हाइड्रॉक्साइड तथा कॉपर कार्बोनेट
(4) कॉपर कार्बोनेट तथा कॉपर नाइट्रेट

50 Choose the exhaustible natural resources from the following :

A. Air
B. Coal
C. Petroleum
D. Forests

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A and B only
(2) B, C and D only
(3) A and C only
(4) A, B and D only

निम्नलिखित में से अनवीकरणीय प्राकृतिक संसाधनों का चयन करें :

A. हवा
B. कोयला,
C. पेट्रोलियम
D. वन

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें :

(1) केवल A तथा B
(2) केवल B, C तथा D
(3) केवल A तथा C
(4) केवल A, B तथा D

51 Arrange the following in chronological order and tick the correct option given below.

A. 'Singh Sabha' foundation
B. The 'Brahmo Samaj' foundation
C. The 'Prarthana Samaj' foundation
D. Foundation of the 'Mohammedan Anglo-Oriental College'

(1) B, C, A, D
(2) C, B, D, A
(3) D, A, C, B
(4) A, D, B, C

निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को चुनें :

A. 'सिंह सभा' की स्थापना
B. 'ब्रह्म समाज' की स्थापना
C. 'प्रार्थना समाज' की स्थापना
D. 'मोहम्मदन एंग्लो-ओरिएंटल कालेज' की स्थापना

(1) B, C, A, D
(2) C, B, D, A
(3) D, A, C, B
(4) A, D, B, C

52 Anything which is present every where is called _____ resource.

(1) Actual
(2) Inexhaustible
(3) Localized
(4) Ubiquitous

कोई वस्तु जो सभी जगह पाई जाती है, उसे _____ संसाधन कहते है ।

(1) वास्तविक
(2) नवीकरणीय
(3) स्थानिक
(4) सार्वभौमिक

53 Which of the following kingdoms was annexed by Lord Dalhousie on the basis of misgovernment ?

(1) Nagpur
(2) Awadh
(3) Bengal
(4) Satara

निम्न में से कौन से राज्य का लार्ड डलहौजी के द्वारा कुशासन के आधार पर विलय कर दिया गया था ?

(1) नागपुर
(2) अवध
(3) बंगाल
(4) सतारा

54 According to 'Hindu Succession Amendment Act' sons, daughters and their mother can get an equal share of family property. In which year this law has been passed ?

हिन्दू उत्तराधिकार एक्ट' संविधान संशोधन के अनुसार पुत्र, पुत्रियाँ और उनकी माँ को पारिवारिक सम्पत्ति का बराबर हिस्सा मिलेगा । यह कानून किस वर्ष में पास किया गया ?

(1) 2005
(2) 2008
(3) 2014
(4) 2019

55 The Indian Constitution mandates that the Indian state be secular. According to the Constitution, only a secular state can realize its objectives. Which of the following does **not** go with this mandates ?

(1) That one religious community does not dominate another.
(2) That some members do not dominate other members of the same religious community.
(3) That in India government places like law courts, police stations, government schools etc. are supposed to display or promote any one religion.
(4) That the state does not enforce any particular religion nor take away the religious freedom of individuals.

भारतीय संविधान घोषणा करता है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है । संविधान के अनुसार केवल एक धर्मनिरपेक्ष राज्य ही अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकता है । निम्न में से कौन सा इस घोषणा के साथ मेल नहीं खाता ?

(1) एक धार्मिक समुदाय दूसरे समुदाय पर हावी न हो ।
(2) किसी एक धार्मिक समुदाय में कुछ लोग अन्य लोगों पर हावी न हों ।
(3) भारत के सार्वजनिक स्थलों जैसे : अदालतें, पुलिस स्टेशन, सरकारी स्कूल आदि में किसी एक धर्म को प्रदर्शित करना तथा बढ़ावा देना ।
(4) राज्य किसी एक धर्म को न ही लागू करेगा और न ही नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनेगा ।

56 Which of the following recommendations is **not** included in the 'Wood's Despatch'?

(1) Promotion of western education using english as the medium of instruction.
(2) Every village would have at least one government school.
(3) Setting up universities modelled on London University in Bombay, Madras and Calcutta.
(4) Setting up vernacular schools at the primary level and colleges at the secondary level.

निम्न में से कौन सा सुझाव 'दुड्स डिस्पेच' के सुझावों में शामिल नहीं है ?

(1) अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम बनाकर पाश्चात्य शिक्षा को बढ़ावा देना ।
(2) प्रत्येक गाँव में कम से कम एक सरकारी विद्यालय का होना ।
(3) लंदन युनिवर्सिटी जैसे मॉडल को लेकर बंबई, मद्रास और कलकत्ता में विश्वविद्यालयों की स्थापना करना ।
(4) प्राथमिक स्तर पर वर्नाकुलर विद्यालय और सेकेंडरी स्तर पर कॉलेजों की स्थापना करना ।

57 Who among the following founded the 'Self-Respect Movement' ?

(1) Jyotirao Govindrao Phule
(2) Dr. Bhimrao Ambedkar
(3) Shri Narayana Guru
(4) E.V. Ramaswamy Naicker 'Periyar'

निम्न में से किसने 'आत्म समान आंदोलन' की शुरुआत की ?

(1) ज्योतिराव गोविंदराव फूले
(2) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
(3) श्री नारायण गुरु
(4) ई.वी. रामास्वामी नैयकर 'पेरियार'

58 Who among the following is **not** considered as the extremist ?

(1) Surendranath Banerjee
(2) Lala Lajpat Rai
(3) Bal Gangadhar Tilak
(4) Bipin Chandra Pal

निम्न में से किसको अतिवादी नहीं कहा जा सकता ?

(1) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(2) लाला लाजपतराय
(3) बाल गंगाधर तिलक
(4) बिपिन चन्द्र पाल

59 Which of the following is **not** a part of the Indian Parliament ?

(1) The Lok Sabha
(2) The Rajya Sabha
(3) The President
(4) The Governor

निम्न में से कौन भारतीय विधायिका का भाग नहीं है ?

(1) लोक सभा
(2) राज्य सभा
(3) राष्ट्रपति
(4) राज्यपाल

60 The 'Right to Equality' bans :

(1) Reservation
(2) Untouchability
(3) Dowry system
(4) Child marriage

'समानता का अधिकार' प्रतिबंधित करता है :

(1) आरक्षण
(2) छुआछूत
(3) दहेज प्रथा
(4) बाल विवाह

61 Which of the following sources can provide information about pattern of cropping in the country ?

(1) Newspaper records
(2) Survey Reports
(3) Law books
(4) Administrative records

निम्न स्रोतों में से कौन सा स्रोत देश की कृषि पद्धति की जानकारी देता है ?

(1) समाचार पत्रों का रिकॉर्ड
(2) सर्वेक्षण रिपोर्ट
(3) कानून की पुस्तकें
(4) प्रशासनिक रिकॉर्ड

62 Who has written the book 'Poverty and Un-British Rule in India' ?

(1) Dadabhai Naoroji
(2) Bal Gangadhar Tilak
(3) Mahatma Gandhi
(4) Jawahar Lal Nehru

किसने भारत में 'पावर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' पुस्तक लिखी ?

(1) दादाभाई नौरोजी
(2) बाल गंगाधर तिलक
(3) महात्मा गांधी
(4) जवाहर लाल नेहरू

63 Which of the following is **not** an organ of the Government ?

(1) Legislature
(2) Executive
(3) Judiciary
(4) Preamble

निम्न में से कौन सा सरकार का अंग नहीं है ?

(1) विधायिका
(2) कार्यपालिका
(3) न्यायपालिका
(4) प्रस्तावना

64 Which of the following states does not have Adivasi (tribal) population ?

(1) Odisha
(2) Jharkhand
(3) Chhattisgarh
(4) Uttar Pradesh

निम्न में से कौन से राज्य में आदिवासी जनसंख्या नहीं है ?

(1) उड़ीसा
(2) झारखंड
(3) छत्तीसगढ़
(4) उत्तर प्रदेश

65 Which of the following is **not** an example of a non-ferrous mineral ?

(1) Silver
(2) Manganese
(3) Copper
(4) Gold

निम्न में से कौन सा अलौह खनिज का उदाहरण नहीं है ?

(1) चाँदी
(2) मैंगनीज
(3) ताँबा
(4) सोना

66 Which of the following does **not** improve the depleted soil to some extent ?

(1) Mulching
(2) Contour Ploughig
(3) Terrace farming
(4) Deforestation

निम्न में से कौन सा निम्नीकृत मृदा में कुछ स्तर तक सुधार नहीं लाता है ?

(1) मल्च बनाना
(2) समोच्च रेखीय जुताई
(3) वेदिका कृषि
(4) वनोन्मूलन

67 Match the following and choose the correct answer from the options given below :

Column I		Column II
A.	Chauri Chaura incident	I. 1920
B.	Khilafat movement	II. 1942
C.	Jallianwala Bagh massacre	III. 1922
D.	Quit India movement	IV. 1919

(1) A-I, B-III, C-II, D-IV (2) A-II, B-IV, C-III, D-I

(3) A-III, B-I, C-IV, D-II (4) A-IV, B-II, C-I, D-III

स्तंभ I का स्तंभ II में दिए सही विकल्प से मिलान कीजिए:

स्तंभ I		स्तंभ II
A.	चौरी-चौरा घटना	I. 1920
B.	खिलाफत आंदोलन	II. 1942
C.	जलियाँवाला बाग हत्याकांड	III. 1922
D.	भारत छोड़ो आंदोलन	IV. 1919

(1) A-I, B-III, C-II, D-IV (2) A-II, B-IV, C-III, D-I

(3) A-III, B-I, C-IV, D-II (4) A-IV, B-II, C-I, D-III

68 Who presents the case in the court on behalf of the accused ?

(1) Police (2) Defence Lawyer

(3) Judge (4) Public prosecutor

आरोपी की ओर से अदालत में कौन केस प्रस्तुत करता है ?

(1) पुलिस (2) बचाव पक्ष के वकील

(3) जज (4) सरकारी वकील

69 As per provisions of the Indian constitution, there should **not** be a gap of more than _____ between two sessions of the Parliament.

(1) Three months (2) Six months

(3) Nine months (4) One year

भारतीय संविधान के प्रावधानों के अनुसार संसद की दो बैठकों के मध्य _____ से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए ।

(1) तीन महीने (2) छह महीने

(3) नौ महीने (4) एक साल

70 Match List I with List II :

List I		List II
A.	Permanent settlement	I. Thomas Munro
B.	Diwan of Bihar & Bengal	II. Holt Mackenzie
C.	Ryotwari system	III. Lord Cornwallis
D.	Mahalwari system	IV. Robert Clive

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I (2) A-II, B-IV, C-III, D-I

(3) A-I, B-II, C-IV, D-III (4) A-III, B-IV, C-I, D-II

सूची I और सूची II का मिलान कीजिए :

सूची I		सूची II
A.	स्थायी बंदोबस्त	I. थॉमस मुनरो
B.	बिहार और बंगाल के दीवान	II. होल्ट मैकेंजी
C.	रैयतवारी व्यवस्था	III. लार्ड कार्नवालिस
D.	महलवाड़ी व्यवस्था	IV. राबर्ट क्लाइव

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A-IV, B-III, C-II, D-I (2) A-II, B-IV, C-III, D-I

(3) A-I, B-II, C-IV, D-III (4) A-III, B-IV, C-I, D-II

71 Which of the following is **not** an example of non-renewable resource ?

(1) Solar energy
(2) Petroleum
(3) Soil
(4) Forests

निम्न में से कौन सा अनवीकरणीय संसाधन का उदाहरण नहीं है ?

(1) सौर ऊर्जा
(2) पेट्रोलियम
(3) मृदा
(4) वन

72 All the people, who are given right to vote after attaining a certain age without any discrimination is called :

(1) Right to Equality
(2) Right to equal representation
(3) Universal Adult Franchise
(4) Right to contest an election

वे सभी लोग जिनको एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद मतदान का अधिकार बिना किसी भेदभाव के प्रदान किया जाता है, कहलाता है :

(1) समानता का अधिकार
(2) समान प्रतिनिधित्व का अधिकार
(3) सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार
(4) चुनाव लड़ने का अधिकार

73 Who was known as 'Frontier Gandhi' ?

(1) Firoz Gandhi
(2) Khan Abdul Ghaffar Khan
(3) Mahatma Gandhi
(4) Rash Behari Bose

'फ्रंटियर गांधी' के नाम से कौन जाने जाते है ?

(1) फिरोज गांधी
(2) खान अब्दुल गफ्फार खान
(3) महात्मा गांधी
(4) राम बिहारी बोस

74 Match List I with List II :

	List I		List II
A.	Sericulture	I.	Breeding of fish in specially constructed tanks and ponds
B.	Pisciculture	II.	Cultivation of grapes
C.	Viticulture	III.	Growing vegetables, flowers and fruits for commercial use
D.	Horticulture	IV.	Commercial rearing of silk worms

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A-I, B-IV, C-III, D-II
(2) A-IV, B-I, C-II, D-III
(3) A-III, B-II, C-I, D-IV
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

सूची I का सूची II से मिलान करो :

	सूची I		सूची II
A.	सेरीकल्चर	I.	विशेषतया बनाए गए टैंक और तालाबों में मत्स्य पालन
B.	पिसीकल्चर	II.	अंगूर की खेती
C.	विटिकल्चर	III.	सब्जियाँ, फूलों एवं फलों के व्यवसाय के लिए खेती
D.	हॉर्टीकल्चर	IV.	रेशम के कीड़ों का व्यावसायिक पालन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A-I, B-IV, C-III, D-II
(2) A-IV, B-I, C-II, D-III
(3) A-III, B-II, C-I, D-IV
(4) A-II, B-III, C-IV, D-I

75 Which one of the following states was not annexed to the British under the policy 'Doctrine of Lapse' ?

(1) Jhansi
(2) Sambalpur
(3) Punjab
(4) Nagpur

निम्न राज्यों में से किस राज्य का 'डॉक्ट्राइन ऑफ लैप्स' नीति के तहत अंग्रेजों ने विलय नहीं किया ?

(1) झांसी
(2) सम्बलपुर
(3) पंजाब
(4) नागपुर

76 Who is **not** the member of SAARC?

(1) Bangladesh (2) Bhutan

(3) Japan (4) Maldives

निम्नलिखित में से कौन सा देश SAARC का सदस्य नहीं है ?

(1) बांग्लादेश (2) भूटान

(3) जापान (4) मालदीव

77 Match List I with List II.

List-I : Dance form		List-II : State
A. Bharat Natyam	I.	Uttar Pradesh
B. Kathak	II.	Tamil Nadu
C. Kathakkali	III.	Andhra Pradesh
D. Kuchi Pudi	IV.	Kerala

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A-III, B-IV, C-I, D-II (2) A-II, B-I, C-IV, D-III

(3) A-IV, B-III, C-II, D-I (4) A-III, B-I, C-IV, D-II

सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए।

सूची-I : नृत्य रूप		सूची-II : राज्य
A. भरत नाट्यम	I.	उत्तर प्रदेश
B. कथक	II.	तमिलनाडु
C. कथककली	III.	आंध्र प्रदेश
D. कुचिपुडी	IV.	केरल

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) A-III, B-IV, C-I, D-II (2) A-II, B-I, C-IV, D-III

(3) A-IV, B-III, C-II, D-I (4) A-III, B-I, C-IV, D-II

78 When is 'International Yoga Day' Celebrated?

(1) 21 June

(2) 23 June

(3) 26 June

(4) 20 June

'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' कब मनाया जाता है ?

(1) 21 जून

(2) 23 जून

(3) 26 जून

(4) 20 जून

79 Which is the host Country for G20, 2023?

(1) France

(2) Indonesia

(3) India

(4) Germany

G20, 2023 निम्न में से किस देश में सम्पन्न होगा ?

(1) फ्रांस

(2) इंडोनेशिया

(3) भारत

(4) जर्मनी

80 Given below are two statements :

Statement I : On 29 March, 1857, a young soldier, Mangal Panday, was hanged to death for attacking his officers in Barrackpore.

Statement II : Sepoys suspected that the new cartridges were coated with the fat of cows and pigs.

In the light of the above statements, choose the most correct answer from the options given below :

(1) Both Statement I and Statement II are correct.

(2) Both Statement I and Statement II are incorrect.

(3) Statement I is correct but Statement II is incorrect.

(4) Statement I is incorrect but Statement II is correct.

नीचे दो कथन दिए गए है :

कथन I : 29 मार्च, 1857, को युवा सिपाही मंगल पांडे को बैरकपुर में अपने अफसरों पर हमला करने के आरोप में फाँसी पर लटका दिया गया।

कथन II : सिपाहियों को लगता था कि नए कारतूसों पर गाय और सूअर की चर्बी का लेप चढ़ाया गया था।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(1) कथन I और कथन II दोनों सही है।

(2) कथन I और कथन II दोनों गलत है।

(3) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है।

81 Who is **not** a Noble Prize Winner ?

(1) C. V. Raman (2) Amartya Kumar Sen

(3) Rabindranath Tagore (4) Homi Jehangir Bhabha

निम्नलिखित में से कौन नोबेल पुरस्कार विजेता नहीं है ?

(1) सी. वी. रमण (2) अमर्त्य कुमार सेन

(3) रवीन्द्र नाथ टैगोर (4) होमी जहाँगीर भाभा

82 Who is the first Indian to win Olympic Gold Medal in Athletics?

(1) P. T. Usha

(2) Abhinav Bindra

(3) Neeraj Chopra

(4) P. V. Sindhu

एथलेटिक में कौन से पहले भारतीय ने ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीता ?

(1) पी. टी. ऊषा

(2) अभिनव बिन्द्रा

(3) नीरज चोपड़ा

(4) पी. वी. सिंधु

83 Given below are two statements :

Statement I : The Prime Minister of India is the leader of the ruling party in the Lok Sabha.

Statement II : There are 540 elected members in Lok Sabha in India.

In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below :

(1) Both Statement I and Statement II are correct.

(2) Both Statement I and Statement II are incorrect.

(3) Statement I is correct but Statement II is incorrect.

(4) Statement I is incorrect but Statement II is correct.

नीचे दो कथन दिए गए है :

कथन I : प्रधानमंत्री लोक सभा में सत्ताधारी दल का मुखिया होता है।

कथन II : भारत की लोकसभा में कुल 540 निर्वाचित सदस्य होते है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) कथन I और कथन II दोनों सत्य है।

(2) कथन I और कथन II दोनों असत्य है।

(3) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

(4) कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।

84 In the biosphere living beings are inter-related and interdependent on each other for survival. This life supporting system is known as _____.

(1) Conservation
(2) Ecosystem
(3) Degradation
(4) Resources

जैवमंडल में सभी जीवित प्राणी जीवित रहने के लिए एक-दूसरे से परस्पर संबंधित और एक दूसरे पर निर्भर करते है। इस जीवन आधारित क्रिया को _____ कहते है।

(1) संरक्षण
(2) पारितंत्र
(3) निम्नीकरण
(4) संसाधन

85 In which farming, crops are grown and animals are reared for sale in market?

(1) Commercial Farming
(2) Mixed Farming
(3) Subsistence Farming
(4) Nomadic herding

किस कृषि में फसलें उगाई जाती है और बाजार में विक्रय हेतु पशुपालन किया जाता है ?

(1) वाणिज्यिक कृषि
(2) मिश्रित कृषि
(3) निर्वाह कृषि
(4) घुमक्कड़ी पशुचारण

86 It was known as the "Golden Fibre" -

(1) Coffee
(2) Maize
(3) Cotton
(4) Jute

इसको "सुनहरा रेशा" कहा जाता था –

(1) कॉफी
(2) मक्का
(3) कपास
(4) पटसन

87 _____ declared that "A single shelf of a good European library was worth the whole native literature of India."

(1) Macaulay
(2) William Adam
(3) Mahatma Gandhi
(4) James Mill

_____ का कहना था कि "एक अच्छे यूरोपीय पुस्तकालय का केवल एक दराज ही भारत के समूचे देशी साहित्य के बराबर" है।

(1) मैकाले
(2) विलियम एडम
(3) महात्मा गांधी
(4) जेम्स मिल

88 One of the most famous reformers _____, used the ancient texts to suggest that widows could remarry. His suggestion was adopted by British Officials, and a law was passed in 1856 permitting widow remarriage.

(1) Jyotirao Phule
(2) Ishwarchandra Vidyasagar
(3) Swami Vivekanand
(4) Raja Rammohan Roy

प्रसिद्ध समाज सुधारक _____ ने विधवा विवाह के पक्ष में प्राचीन ग्रंथों का हवाला दिया था। अंग्रेज सरकार ने उनका यह सुझाव मान लिया और 1856 में विधवा विवाह के पक्ष में एक कानून पारित कर दिया।

(1) ज्योतिराव फूले
(2) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(3) स्वामी विवेकानंद
(4) राजा राममोहन राय

89 In how many periods, Indian history was divided by James Mill, a Scottish economist and political philosopher, in 1817.

1817 में स्कॉटलैण्ड के अर्थशास्त्री और राजनीतिक दार्शनिक जेम्स मिल ने भारत के इतिहास को कितने खंडों में बाँटा था ?

(1) 2 (2) 3

(3) 4 (4) 5

90 Match List I with List II

List-I	List-II
A. Rani Channamma	I. India's First Governor General
B. Sipahi	II. Tipu Sultan
C. Warren Hastings	III. Sepoy
D. Tiger of Mysore	IV. Led an anti British Movement in Kitoor

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A-III, B-II, C-IV, D-I (2) A-IV, B-I, C-III, D-II

(3) A-IV, B-III, C-II, D-I (4) A-IV, B-III, C-I, D-II

सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए :

सूची-I	सूची-II
A. रानी चेन्नम्मा	I. भारत का पहला गवर्नर जनरल
B. सिपाही	II. टीपू सुल्तान
C. वॉरेन हेस्टिंग्स	III. सिपॉय
D. शेर-ए-मैसूर	IV. किटूर में अंग्रेज विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) A-III, B-II, C-IV, D-I (2) A-IV, B-I, C-III, D-II

(3) A-IV, B-III, C-II, D-I (4) A-IV, B-III, C-I, D-II

91 Arrange the following events in ascending order of timeline :

A. Quit India Movement
B. Rowlatt Satyagraha
C. Non-Cooperation Movement
D. First War for Independence
E. Civil Disobedience Movement

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A, C, D, B, E (2) D, B, C, E, A

(3) B, C, D, A, E (4) D, B, A, E, C

दी गई घटनाओं को उनके घटित होने के आरोही क्रम में व्यवस्थित करें।

A. भारत छोड़ो आंदोलन
B. रॉलट सत्याग्रह
C. असहयोग आंदोलन
D. प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन
E. सविनय अवज्ञा आंदोलन

नीचे दिए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) A, C, D, B, E (2) D, B, C, E, A

(3) B, C, D, A, E (4) D, B, A, E, C

92 According to the Constitution, The Government has three organs :-

A. Judiciary
B. Federalism
C. Executive
D. Legislature

Choose the correct answer from the options given below :

(1) B, C and D only (2) A, B and C only

(3) A, C and D only (4) A, B and D only

संविधान के अनुसार सरकार के तीन अंग है :

A. न्यायपालिका
B. संघवाद
C. कार्यपालिका
D. विधायिका

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल B, C और D (2) केवल A, B और C

(3) केवल A, C और D (4) केवल A, B और D

93 Which Country won the FIFA World Cup 2022?

(1) Germany (2) Brazil

(3) Argentina (4) Croatia

कौन से देश ने 2022 में FIFA विश्व कप जीता ?

(1) जर्मनी (2) ब्राजील

(3) अर्जेन्टीना (4) क्रोशिया

94 In which branch of law system, disputes relating to sale of land, purchase of goods, rent matters, divorce fall?

(1) Civil law (2) Criminal law

(3) Police (4) IPC Article

जमीन की बिक्री, चीजों की खरीदारी, किराया, तलाक आदि से संबंधित विवाद किस कानून की श्रेणी में आते है ?

(1) दीवानी कानून (2) फौजदारी कानून

(3) पुलिस (4) आई.पी.सी. धारा

95 "Adivasis" - the term literally means -

(1) Literate people (2) Original inhabitants

(3) Forest citizen (4) Illiterate people

"आदिवासी" शब्द का क्या मतलब होता है

(1) साक्षर लोग (2) मूल निवासी

(3) जंगल के निवासी (4) निरक्षर लोग

96 Which industry is the known feeder Industry / Backbone of modern Industries from given below ?

(1) Textile Industry

(2) Iron-steel Industry

(3) Information - Technology Industry

(4) Agricultural Industry

इनमें से कौनसा उद्योग पोषक उद्योग / आधुनिक उद्योगों की रीढ़ की हड्डी कहलाता है ?

(1) वस्त्र उद्योग

(2) लौह-इस्पात उद्योग

(3) सूचना-प्रौद्योगिकी उद्योग

(4) कृषि उद्योग

97 Identify the factors affecting location of Industries -

A. Raw Material

B. Transport

C. Market

D. All the above

Choose the correct answer from the options given below :

(1) A and B only (2) B and C only

(3) A and C only (4) D only

उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक पहचानिए -

A. कच्चा माल

B. परिवहन

C. बाजार

D. उपरोक्त सभी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(1) केवल A और B (2) केवल B और C

(3) केवल A और C (4) केवल D

98 Who must carry the responsibility of providing "Public Facilities" to the people?

(1) Judge

(2) People

(3) Government

(4) Parliament

जनसुविधाएँ लोगों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी किस की है ?

(1) न्यायाधीश

(2) जनता

(3) सरकार

(4) संसद

99 Which article, of the constitution contains the right of "Protection of Life and Personal Liberty"?

(1) Article 21

(2) Article 19

(3) Article 20

(4) Article 18

'जीवन की सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता' का अधिकार संविधान के किस अनुच्छेद में है ?

(1) अनुच्छेद 21

(2) अनुच्छेद 19

(3) अनुच्छेद 20

(4) अनुच्छेद 18

100 Which resource is **not** a "Natural resource" from the options given below?

(1) Water

(2) Road

(3) Forest

(4) Soil

निम्नलिखित में से प्राकृतिक संसाधन कौन सा नहीं है ?

(1) जल

(2) सड़क

(3) वन

(4) मृदा